समाचार

# शिक्षा, स्वास्थ्य व बुनियादी सुविधाओं पर लगातार कार्य कर रही राज्य सरकार–महापौर

## (महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने नवीन हाई स्कूल पोड़ीबहार में छात्राओं को किया साईकिल का वितरण)



कोरबा 07 जुलाई 2020 –महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आज कहा है कि हमारे प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य व बुनियादी सुविधाओं की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है, जिसके सार्थक परिणाम हम सबके सामने हैं। उन्होने कहा कि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल द्वारा भी कोरबा के सर्वांगीण विकास के साथ–साथ यहां पर शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी सुविधाओं पर विशेष रूचि ली जा रही है, परिणाम स्वरूप ऊर्जानगरी कोरबा में शिक्षा, स्वास्थ्य व बुनियादी सुविधाओं पर बेहतर कार्य हो रहे हैं।

उक्ताशय के विचार महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आज छात्राओं को साईकिल वितरण कार्यक्रम के दौरान व्यक्त किए। नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क. 29 पोड़ीबहार स्थित नवीन हाईस्कूल में महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आज 31 छात्राओं को सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए साईकिल का वितरण किया तथा उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर महापौर श्री प्रसाद ने आगे कहा कि मुझे प्रसन्नता हो रही है कि शासन की योजनांतर्गत इस विद्यालय की छात्राओं को साईकिल उपलब्ध कराई जा रही है, इससे उन्हें अपने घर से विद्यालय आने जाने में काफी सुविधा होगी तथा श्रम व समय की बचत होगी। उन्होने आगे कहा कि नवीन हाईस्कूल पोड़ीबहार का शतप्रतिशत रिजल्ट आया है, जिसके लिए मैं यहां के शिक्षकबंधुओं व छात्राओं को अपनी हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं देता हूॅ। महापौर श्री प्रसाद ने आगे कहा कि निश्चित रूप से बच्चों को उत्तम शैक्षणिक वातावरण देना व शिक्षा की उचित व्यवस्था करना शासन के साथ–साथ हम सभी

का भी प्रथम कर्तव्य है, आज के बच्चे भविष्य में देश की कमान अपने हाथ में लेगें, बच्चे देश का भविष्य हैं, अतः उन्हें सही शिक्षा देना, उनमें उत्तम संस्कार पैदा करना, हम सभी का नैतिक दायित्व है।

**वार्ड की समस्याओं से हुए अवगत**– साईकिल वितरण के पश्चात महापौर श्री प्रसाद ने वार्ड के नागरिकों से भेंट की तथा वार्ड की समस्याओं एवं विकास संबंधी आवश्यकताओं पर विस्तार से चर्चा की। वार्ड पार्षद व मेयर इन कांउसिल सदस्य प्रदीप राय जायसवाल एवं बस्ती के नागरिकों ने वार्ड की विभिन्न समस्याओं से महापौर श्री प्रसाद को अवगत कराया, उन्होने बस्ती में स्थित नाले में जलभराव की समस्या को दूर करने एवं विद्यालय में साईकिल स्टैण्ड बनाए जाने का अनुरोध किया। इसके साथ ही अन्य छुटपुट समस्याओं से महापौर श्री प्रसाद को अवगत कराया गया, जिस पर उन्होने समस्याओं के निराकरण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए।

इस अवसर पर मेयर इन काउंसिल सदस्य व वार्ड पार्षद प्रदीप राय जायसवाल, पूर्वपार्षद अर्चना उपाध्याय व मनकराम साहू, शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष नारायण सिंह ठाकुर, जयप्रकाश कौशिल व संतोष सिंह, प्राचार्य एस.के.पाठक, अध्यापकगण जी.के. साहू, ए.पी.शुक्ला, एन.के.चौधरी, मोहिनी जैन, गीता वैष्णव, अजय कुमार यादव, मंजू रघुवंशी, राजू ठाकुर, आशा सिंह, शांति देवी पंडित, इंदिरा ठाकुर, मंजू मिश्रा आदि के साथ विद्यालय की छात्राएं एवं अन्य नागरिकगण उपस्थित थे।